ई-समाचार पत्र

सहारनपुर नगर निगम

माह - जुलाई | संस्करण-I, अंक-2

सिटी-आर.पी.एम.सी.

<< मासिक अवलोकन >>

नगर आयुक्त की कलम से.......

आप लोगों को यह बताते हुए मुझे बड़ा हर्ष हो रहा है कि सहारनपुर नगर निगम ने आप सभी के सहयोग से 87.50 अंकों के साथ स्मार्ट सिटी की चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में प्रादेशिक स्तर पर एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। उक्त जटिल प्रक्रिया के प्रथम चरण में प्रादेशिक स्तर पर कुल 13 नगर निकायों का चयन किया जाना था, जिसमे सहारनपुर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है । सहारनपुर नगर निगम ने अपने प्रयासों से मात्र पांच वर्षों में वो सफलता प्राप्त की है जो कई दशकों पूर्व ही नगर निगम घोषित किये जा चुके निकाय नही प्राप्त कर सके हैं, सहारनपुर नगर निगम ने प्रतियोगिता शामिल 62 नगर निकायों के मध्य अपना स्थान बनाया है।

स्मार्ट सिटी चयन के अगले चरण में निर्धारित मापदण्डों पर खरा उतरने हेतु नगर निगम एवं अन्य विभागों सह-भागिता के साथ -साथ जनता का सहयोग भी आवश्यक है । केंद्र सरकार के स्तर से चयनित होने वाली 100 स्मार्ट सिटी में चयन के उपरान्त केंद्र से नामित एजेंसी सम्पूर्ण नगर का भ्रमण कर स्थानीय लोगों, जनप्रति-निधियों, संस्थाओं, तथा संगठनों से बातचीत कर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास की रूपरेखा तैयार करेगी । जिसके बाद चयनित 100 नगरों में से प्रथम चरण हेतु 20 नगरों का चुनाव किया जाएगा।

स्मार्ट सिटी का तात्पर्य एक ऐसे नगर से है जो अपनी आगे आने वाली पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकतों को पूर्ण कर सके।

आइये सहारनपुर नगर को साफ़-सुथरा, हरा-भरा, सुरक्षित तथा प्रदूषण रहित स्मार्ट सिटी बनाने हेतु न केवल स्वयं जुट जाये वरन सम्बन्धियों, पड़ोसियों तथा मित्रों को भी जोड़ें।

आप अपने अमूल्य विचारों तथा सुझावों से हमें दूरभाष, ई-मेल, तथा फेसबुक पर भी अवगत करा सकते हैं ।

शुभकामनाओं सहित.........

डा0 नीरज शुक्ला

नगर आयुक्त, सहारनपुर नगर निगम

नगर निगम के ई-समाचार पत्र के प्रथम संस्करण का औपचारिक विमोचन-

ई-समाचार पत्र के प्रथम संस्करण का विमोचन करते मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्या विकास अधिकारी, नगर आयुक्त तथा अपर नगर आयुक्त।

प्रकाशक

नगर आयुक्त

सहारनपुर नगर निगम

सम्पादकीय मण्डल -

- सच्चिदानंद सिंह
- प्रदीप कुमार मित्तल
- प्रमोद कुमार गुप्ता
- राजीव कुमार चौधरी
- डा० विनोद कुमार
- डी० एम० कटियार
- संजय भटनागर
- कुलदीप कुमार

इस संस्करण में :-

नगर आयुक्त की कलम से	1
ई-समाचार पत्र का विमोचन	1
स्वास्थ्य अनुभाग	2
लेखा अनुभाग	2
पथ प्रकाश अनुभाग	2
जल-कल अनुभाग	3
कर एवं संपत्ति अनुभाग	3
ई-गवर्नेंस	3
निर्माण अनुभाग	4
अन्य	4

महत्वपूर्ण घटना क्रम-

- मा0 नगर विकास मंत्री श्री मो० आजम खां का नगर आगमन ।
- सहारनपुर का स्मार्ट सिटी हेतु चयन

स्मार्ट सिटी हेतु चयनित नगरों को प्राप्त अंक

- मेरठ, 75.00
- रामपुर, 78.13
- आगरा, 80.00
- गाजियाबाद, 82.50
- वाराणसी, 82.50
- लखनऊ, 82.50
- इलाहबाद, 82.50
- कानपुर, 82.50
- झाँसी, 85.00
- बरेली , 86.11
- सहारनपुर , 87.50
- अलीगढ़, 90.00
- मुरादाबाद , 90.00

सहारनपुर
87.50

स्वास्थ्य अनुभाग -

ईद-उल-फितर के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम ने अल्पसंख्यक आबादी क्षेत्र एवं धार्मिक स्थलों के आस-पास विशेष सफाई अभियान चलाया, जिसमे प्रत्येक शुक्रवार के दिन मस्जिदों के आस-पास चूना छिडकाव तथा पानी के टैंकर की व्यवस्था की गयी।

नगर निगम की ओर से त्योहारों के अवसर पर की गयी इस विशेष व्यवस्था पर शहर काजी श्री नदीम अख्तर तथा जामा मस्जिद के मुख्य मौलवी श्री फरीद अहमद जी ने नगर निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की । इसके साथ ही नगर निगम ने ईदगाह पर विशेष रूप से ईद-मिलन के संक्षिप्त कार्यक्रम का भी आयोजन किया, जिसमे उपस्थित नमाजियों ने व्यक्तिगत रूप से मिलकर नगर आयुक्त डा० नीरज को नगर निगम की ओर से कराये गए कार्यों की सराहना की ।

श्रावण माह में कावंर यात्रा हेतु नगर निकाय क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर लगे 25 कावंर शिविरों पर रात-दिन दो पालियों में सफाई कर्मचारियों की तैनाती कर सफाई कार्य कराया गया और विशेष रूप से गठित कर्मचारियों ने शिविरों में किटनाशक दवाओं का छिडकाव किया । शिविरों की व्यवस्था हेतु पी.डब्लू.डी.अतिथि गृह में नियंत्रण कक्ष बनाया गया, जिसमें दो-दो कर्मचारियों ने 12 दिनों तक आठ - आठ घंटे की तीन पालियों में कार्य किया । वर्षा ऋतु के कारण शिविरों में हुए जल भराव की तत्काल निकासी करायी गयी तथा शिविर संचालकों एवं नगर निकाय कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए विशेष रूप से सफाई कार्य कराया गया।

नगर निकाय क्षेत्र में वर्षा के कारण जलभराव की आशंका के दृष्टिगत दो बड़े, नौ छोटे पम्प तथा तीन सीवर सक्शन उपकरणों को 24 घंटे कार्य हेतु तैयार रखा गया जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रयोग किया जा सके।

लेखा अनुभाग -

प्रशासनिक कक्ष

सहारनपुर नगर निगम अंतर्गत सभी कार्मिकों के वेतन तथा अन्य देयताओं का भुगतान जुलाई-2015 तक अध्यावधिक किया जा चुका है, कोई भी देयता अवशेष नहीं है।

लेखा विभाग में उपलब्ध आंकड़ो को दोहरी लेखा प्रणाली के माध्यम से निर्धारित सोफ्टवेयर से कम्प्यूटरीकृत किया जा रहा है शीघ्र ही उक्त विवरण वेब-साईट पर अधतन करा दिया जायेगा।

पथ प्रकाश विभाग -

रमजान माह में ईद के पर्व के दृष्टिगत मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों तथा मलिन बस्तियों में पथ प्रकाश की विशेष व्यवस्था करायी गयी,जिन मार्गों पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं थी वहां नये सोडियम लैम्प लगवाये गये । ऐसे क्षेत्र जहाँ मुस्लिम समुदाय तराबिये तथा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे थे, उन स्थलों पर विशेष रूप से रात्रि के लिये प्रकाश की पूर्ण व्यवस्था की गयी ।

पथ प्रकाश में किसी प्रकार की कठिनाई से निपटने तथा समुचित प्रकाश व्यवस्था को बनाए रखने हेतु विधुत श्रमिकों की विशेष टीम का गठन कर सायं 5:00 बजे से 12:00 तक कार्यालय में तैनात किया गया, जिससे पथ प्रकाश से सम्बंधित किसी भी आकस्मिक स्थिति का निराकरण कराया जा सके । रमजान माह, ईद के पर्व तथा कांवर यात्रा के दृष्टिगत विशेष रूप से विधुत उपकरणों की खरीददारी की गयी ।

पथ प्रकाश विभाग में सामग्री स्टाक तथा आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता की जांच करते अपर नगर आयुक्त, लेखा-आधिकारी तथा अन्य अधिकारी गण । →

नागरिकों से अनुरोध

- **कूड़ा-करकट निर्धारित स्थानों पर ही डाले।**
- **गृहकर - जलकर का ससमय भुगतान करें।**
- **पालीथिन का प्रयोग न करें।**
- **धूमपान का प्रयोग न करें।**
- **सार्वजनिक सम्पतियों को हानि न पहुंचायें।**
- **अतिक्रमण न करें।**
- **प्रत्येक परिवार कम से कम एक पेड़ लगाए।**
- **नगर क्षेत्र को हरा-भरा बनायें ।**
- **यातायात के नियमों का पालन।**
- **अपने वाहनों से प्रदूषण नियंत्रित रखें।**
- **जल अमूल्य है, जल का प्रयोग सावधानी से करें।**

जल-कल अनुभाग -

नगर निकाय ने रमजान माह, ईद तथा कावंर यात्रा के अवसर पर पेयजल की मांग को देखते हुए विशेष रूप से क्लोरीनेशन से उपचारित पेयजल आपूर्ति में व्यवस्था की । जिन क्षेत्रों में विधुत आपूर्ति अनिश्चित थी, उन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जेनरेटर की व्यवस्था के साथ-साथ खराब इंडिया मार्का हैण्डपम्प भी ठीक कराये गए ।

गर्मी के दृष्टिगत मोहल्ला फिरोशान व झोटेवाला में मिनी नलकूप तथा वरुण विहार व् नदीम कालोनी में नये नलकूप की बोरिंग करायी गई।

विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु नयी पाईप लाइन बिछवायी गयी। मल्हीपुर स्थित विनोद विहार कालोनी व धोबी घाट स्थित नलकूप को चालू कराया गया ।

माह जुलाई-2015 में 96 हैण्डपम्पों की मरम्मत व 15 इण्डिया मार्का हैण्ड पम्पों को रिबोर कराया गया। निकाय के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त पाईप लीकेज की 250 शिकायतों को लीकेज ठीक कराकर निस्तारित कराया गया।

सहारनपुर नगर निगम

कर एवं संपत्ति अनुभाग

सहारनपुर नगर निगम का गठन वर्ष 2009 में हुआ था, जिसके उपरान्त निकाय में गृहकर-जलकर के पुनरीक्षण हेतु सर्वे का कार्य आरम्भ नहीं हो पाया था ।

वर्तमान में गृहकर-जलकर का पुनरीक्षण एवं निकाय में सम्मिलित नये क्षेत्रों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध करने हेतु सम्पति चिन्हित कर सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है ।

इस समय नगर निगम सहारनपुर में सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है, जिसके अंतर्गत अब तक लगभग 25000 भवनों का सर्वेक्षण कर 4000 भवन स्वामियों को बिल निर्गत किये जा चुके हैं ।

अब तक 250 भवन स्वामियों ने कम्पयूटरीकृत बिल प्राप्त करके धनराशि सहर्ष जमा करा दी है। आम जनता ने सर्वेक्षण की पारदर्शिता के आलोक में मांग बढ़ने के बाद भी अपना बिल जमा कर व्यवस्था की सराहना की, जो स्थापित की जाने वाली व्यवस्था की स्वीकार्यता का परिचायक है।

नगर निकाय में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, निकाय प्रांगण में कम्पयूटरीकृत कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है, जहा पर निर्धारित बिल/ स्वकर फ़ार्म भरकर जमा करकर कम्पयूटरीकृत पावती प्राप्त की जा सकती है। नये भवनों को अभिलेखों में अंकित कर कम्पयूटरीकृत करने का कार्य तेजी से चल रहा है।

नगर निकाय क्षेत्र में स्थापित टावरों के सम्बन्ध में टावर स्थापना नियंत्रण उपविधि-2014 को लागू किया गया है ।जिसके अंतर्गत निकाय क्षेत्र में स्थापित टावरों पर शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसका प्रचार-प्रसार कर लोगो को टावर नियमावली के बारे में अवगत कराया जा रहा है।

कर एवं संपत्ति अनुभाग (हाल)

ई-गवर्नेंस-

निकाय अंतर्गत सभी विभागों के कम्प्यूटरों को नेटवर्क के माध्यम से जोड़ कर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है। कर अनुभाग को कम्प्यूटरीकृत करके कम्प्यूटरीकृत बिल तथा रसीद जारी करने हेतु साफ्टवेयर का निर्माण कराया गया है, जिसके भवनों के अभिलेख कम्प्यूटरीकृत किये जा रहे हैं। निकाय प्रांगण में कम्पयूटरीकृत कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है, जहा पर बिल जमा कर कम्पयूटरीकृत पावती प्राप्त की जा सकती है।

नगर निगम की वेब-साईट का भी निर्माण कराया गया है, जिस पर सूचनाओं तथा आंकड़ो को अधतन करने का कार्य चल रहा है ।

निकाय में प्रयुक्त होने वाले कंप्यूटर तथा सम्बंधित उपकरणों की देख-रेख हेतु ए.एम.सी.के माध्यम से व्यवस्था की गयी है ।

नागरिकों के विचार

सहारनपुर के स्मार्ट सिटी हेतु चयनित होने पर मेरी शुभ कामनायें।

सुझाव- माह में एक दिन निर्धारित कर निकाय परिसर में कैम्प लगाया जाये जहाँ मौके पर ही शिकायत निस्तारण हेतु वरिष्ठ अधिकारी स्वयं उपस्थित रहें ।

लगन, छात्र

मैं वर्ष 2000 से 2005 के मध्य नगर पालिका परिषद में सभासद रहा हूँ ।

इस समय निकाय के अधिकाँश अनुभागों का कम्प्यूटरीकरण, अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कार्य के प्रति सजगता को देखने से अब मुझे वास्तविक सुधार का आभास होता है ।

अकमल खान 'बिट्टू'
पूर्व सभासद

निर्माण अनुभाग -

नगर निगम में निकाय क्षेत्र में स्थित पार्कों की देख-रेख हेतु मालियों की तैनाती है। पार्कों के और अधिक विकास तथा सौंदर्यीकरण हेतु से श्री एस. ए.रॉयल (अधिशाषी अभियन्ता- निर्माण) को प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो समय-समय पर क्षेत्रीय नागरिकों से उनके क्षेत्रों के पार्कों के रख-रखाव तथा सुन्दरता हेतु सुझाव आमंत्रित करेंगे तथा स्वयं पार्कों का निरिक्षण कर उनके सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव नगर आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

मुख्य अभियन्ता निर्माण को निर्देश दिये गये हैं की प्राथमिकता के आधार पर क्षतिग्रस्त महत्वपूर्ण सड़कों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार करें और वर्षा ऋतु के बाद निविदाये आमंत्रित कर उन सड़कों का पुन: निर्माण कराना सुनिश्चित करें।

निकाय ने एक कार्य योजना बना कर नगर निगम के चौराहों के सौन्दर्यीकरण की एक रूपरेखा तैयार की गयी है, जिसमे प्रथम चरण में नगर के मुख्य चौराहे, दूसरे चरण में अन्य चौराहों को शामिल करने का प्रयास भी किया जायेगा।

चौराहों के सौन्दर्यीकरण में नगर की सामाजिक संस्थाओं तथा व्यापारी संगठनों ने भी अपना सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया है।

कुछ संस्थाओं ने चौराहों के सौन्दर्यीकरण हेतु अपना प्रस्ताव भी नगर निगम को उपलब्ध कराएं हैं, जिनपर यथाशीघ्र विचार कर निर्णय लिया जायेगा।

नगर निगम से संचालित प्रेक्षागृह/सभागार जनमंच का भी सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है ।

जनमंच हेतु प्रस्तावित सौन्दर्यीकरण कार्य

अन्य -

प्रचालनीय ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली हेतु www.e-nagarsewaup.gov.in पर उपलब्ध व्यवस्था का प्रयोग किया जा रहा है, जिसमे शिकायतकर्ता को शिकायत निवारण की स्थिति से अवगत कराया जाता है तथा वह स्वयं भी शिकायत निवारण की स्थिति ऑनलाइन देख सकता है ।

निकाय के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं उक्त व्यवस्था का नियमित एवं गहन अनुश्रवण करते हैं ।

शिकायत हेतु दूरभाष संख्या -

1800-180-5432

1800-180-3316

<u>जन-सूचना अधिकारी-</u>

श्री एस.बी. अग्रहरी

दूरभाष- +91-8922026953



निकाय की प्रथम मासिक पत्रिका के विमोचन पर मेरी ओर से बधाई ।

सुझाव - निकाय प्रांगण में आगन्तुकों हेतु प्रतीक्षालय की व्यवस्था भी होनी चाहिये, जहाँ बैठकर संबधित कार्य पूर्ण होने तक प्रतीक्षा की जा सके ।

कृष्ण लाल गुलाटी
व्यापारी

स्मार्ट सिटी के लिये निकाय ने अच्छा कार्य किया है।

सुझाव- अभी भी कुछ संभ्रांत /महत्व-पूर्ण आवासीय क्षेत्रों में कूड़ेदान की व्यवस्था नहीं है और कूड़ा खुले में फेंका जा रहा है । नगर निकाय को कूड़ेदान की व्यवस्था सु-निश्चित करने हेतु भी ध्यान देना चाहिये।

माज़िद कुरैशी,
संपादक
न्यूज़हॉक्स - 24

सहारनपुर नगर निगम, सहारनपुर-247001, (उ०प्र०), दूरभाष-0132-2614720, फैक्स-0132-2614730
वेब साईट-www.saharanpurnagarnigam.in, ई-मेल-nagarnigamsaharanpur@gmail.com, फेसबुक-www.facebook.com/saharanpurnagarnigam